DEVABN-JNROEST(MISW)/115/2025-EXN-JNR-ABN

कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक-2840 ई-आफिस / JJM / 2025-26 / 315 दिनाँक-14/08/2025

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-07.08.2025 को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में की गयी । जिसमें अधिशासी अभियन्ता के साथ सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता जल निगम, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0 व दोनो फर्मो के कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

समीक्षा बैठक में उपस्थिति अधिकारियो/ कर्मचारियों एवं फर्म को निम्न निर्देश दिए गये-

1. यह कि O&M में घोषित की जाने हेतु 35 पेयजल परियोजनाओं में ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा जो कमिया बताई गयी है उसे कम्पनी के माध्यम से यथा शीघ्र पूर्ण कर के जिला पंचायत राज अधिकारी के यहां विवरण प्रपत्र जमा कराना सुनिश्चित करें।
2. यह कि O&M में 35 के सापेक्ष 15 पेयजल परियोजनाओं का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं इन योजनाओं का सम्बन्धित ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी सत्यापन कराकर जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रेषित करें।
3. यह कि शेष योजनाओं का कार्य पूर्ण कर सत्यापन कराकर तीन कार्य दिवस के अन्दर प्रेषित करें।
4. यह कि कुल 104 योजनाओं में से इन 35 योजनाओं के अतिरिक्त अन्य 35 योजना 15 अगस्त तक O&M के कार्यवाही के लिये प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त शेष 34 योजना का कार्य पूर्ण कराकर 22 से 28 अगस्त के वीच O&M हेतु प्रस्तुत करें।
5. यह कि शिरोपरी जलाशय एवं अन्य कार्य को पूर्ण करने हेतु वर्तमान में कि मैन पावर की आवश्यकता है उसके सापेक्ष कितने मैन पावर फर्म द्वारा लगाया है उसकी समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

Digitally signed by
ANAND KUMAR SHUKLA
Date: 13-08-2025
20:16:26

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
5. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनी अम्बेडकरनगर को अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

Bharavi Patel